आवश्यक निर्देश:

(i) आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ नीले/काले बॉल प्वायंट पेन से स्वहस्तलिपि में साफ-साफ अंकित करें। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही हो, उचित एवं पूर्ण रूप से भरा हो और उसमें कोई संशोधन / परिवर्तन / ओवरराईटिंग नहीं हो। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अंतर्राष्ट्रीय अंको का ही प्रयोग करें।

(ii) प्रवेश- पत्रक (दो प्रतियों में) स्वहस्तलिपि में साफ-साफ तथा उचित एवं पूर्ण रूप से भरा हो।

(iii) आवेदन पत्र में रिक्त आयतों को समुचित तरीके से इस प्रकार भरें जैसे

(क) आवेदन की कंडिका 1(*i*) में देवनागरी लिपि में नाम, यथा; मनोहर, इस प्रकार भरा जाय- म नो ह र

(ख) हिन्दी अथवा अंग्रेजी में एक शब्द के बाद एक ब्लॉक रिक्त रखें।

(ग) आवेदन की कंडिका 2(*iii*) यदि आप किसी आरक्षित वर्ग से हैं तो 1 भरें एवं नहीं हैं तो 2 भरें।

आवेदन की कंडिका 2(*iv*) में, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार संबंधित आरक्षित वर्ग का कोड अनारक्षित (महिला) के लिए 02, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 03, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए 04, अनुसूचित जाति के लिए 05, अनुसूचित जाति (महिला) के लिए 06 एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 07 एवं पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए 08 भरें ।

उसी प्रकार सभी आयतों को भरें। अपूर्ण अथवा अनुचित तरीके से भरे गये आयतों को अधूरी/अपूर्ण सूचना समझी जायेगी एवं आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(iv) जो स्तम्भ/कॉलम उम्मीदवार से संबंधित न हो अथवा उसपर लागू न हो उसे क्रॉस (×) कर दें।

(v) क्रमांक-7(*i*) शैक्षणिक योग्यता के अधीन 'प्राप्तांक' / 'पूर्णांक' एवं प्रतिशत के स्तम्भों में अतिरिक्त विषय के अंक एवं प्रतिशत को नहीं जोड़े।

(vi) स्तम्भ (कॉलम) 10 में उम्मीदवार अपनी शरीरिक पहचान का एक विशिष्ट चिन्ह् अवश्य अंकित करें जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

(vii) स्तम्भ (कॉलम) 11 में यदि कोई सूचना विज्ञापन में वांछित हो, तब ही भरें। अन्यथा, उसे क्रॉस (×) कर दें।

(viii) **फोटोग्राफ :-** आवेदन-पत्र (प्रपत्र-1) के पृष्ठ 1 एवं 3 तथा प्रवेश-पत्रक (प्रपत्र-2) पर फोटो चिपकाने हेतु छोड़े गए खाली जगह में अंकित निर्देशों का अक्षरश: पालन करें। फोटो स्टेपल न करें या सेलोटेप न साटें। गोंद से अच्छी तरह चिपकायें। सभी फोटो एक ही निगेटिव का होना चाहिए। भविष्य में संबंधित परीक्षा के उपयोग हेतु निगेटिव सुरक्षित रखें। फोटो हाल का खींचा हुआ होना चाहिए। पुराना एवं अस्पष्ट फोटो आवेदन-अस्वीकृति का कारण हो सकता है। फोटो इस प्रकार स्वअभिप्रमाणित किया जाय कि हस्ताक्षर का आधा भाग आवेदन पर और शेष आधा भाग फोटो पर रहे।

(ix) **लिफाफा :-**

(क) लिफाफा के उपर विज्ञापन संख्या एवं पदनाम जिसके लिए आपने आवेदन किया है, अनिवार्य रूप से अंकित करें। उस पर अपना पूरा पता अंकित करें।

(ख) विहित आवेदन पत्र के साथ जन्मतिथि प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति (अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र सहित) जो राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हो, की प्रतियाँ अनिवार्य रूप से अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें।

(ग) 16×10 से.मी. का स्वपता लिखित एक लिफाफा (प्रवेश पत्र निर्गत करने हेतु) जिन पर 25 रूपये का डाक टिकट सटा हो, विहित आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें।